दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 303 मुरादाबाद, 02 March 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## यूपी विधानमंडल सत्र: मुख्यमंत्री योगी बोले, हमने ओडीओपी दिया आपने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा में बजट पर विपक्ष के सवालों के जवाब दिए और पूर्ववर्ती सरकारों व वर्तमान सरकार के आर्थिक प्रबंधन पर चर्चा की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट के आकार पर कहा कि यह बजट पिछले छह साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुए विकास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बजट का आकार तीन लाख 40 हजार करोड़ था जबकि इस बार हमने 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने यूपी को बीमारू प्रदेश बना दिया था हम अगले पांच साल में इसे देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

आपने प्रदेश में माफियाओं को खड़ा किया और प्रदेश को विकास के पैमाने पर पीछे जाने को मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। आपने %वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया% दिया था। उन्होंने सपा पर प्रदेश के कलाकारों व लघु उद्यमियों का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की नामौजूदगी पर निशाना साधते हुए कहा कि हर समस्या के सामने दो रास्ते होते हैं। एक... निदान के लिए भाग लो या फिर समस्या देखकर ही भाग लो...। जैसे अभी नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) की कुर्सी खाली है वैसे ही प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार समस्याओं से अपना पीछा छुड़ाकर भाग लेती थी।

16 से 20 फीसदी पहुंचाना है

मुख्यमंत्री योगी ने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के कथन को याद करते हुए कहा कि जब संविधान का निर्माण हो रहा था तो संविधान शिल्पी डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हमें कार्य कैसे शुरू किया जाए इस पर अधिक ध्यान देना चाहिए, चुनौती पर नहीं। उन्होंने कहा कि अभी देश की अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान सिर्फ आठ प्रतिशत है। हम इसे 16 से 20 प्रतिशत तक ले जाएंगे। यूपी के पास वो सबकुछ है जिससे प्रदेश तरक्की कर सकता है और हम ये करके दिखाएंगे।

सत्ता पक्ष का दावा, इससे बेहतर बजट आज तक नहीं बना

मंगलवार को विधान परिषद में बजट सत्र पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने छात्रों, नौजवानों एवं किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि इससे बेहतर बजट अब तक नहीं बना है। चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के बीच लगातार नोंकझोंक हुई। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने बजट की चर्चा करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के हॉस्टलों की दशा खराब हैं। इन हॉस्टलों के गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। भाजपा एमएलसी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उन पर जानलेवा हमला करने वाले और हत्या की धमकी देने वालों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीएचयू सहित अन्य विश्वविद्यालयों में जानबूझकर छात्रों को फेल किया जा रहा है। एलआईसी सहित अन्य संस्थाओं का निजीकरण हो रहा है। इस पर विद्यासागर सोनकर ने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। विपक्ष को नहीं दिखाई पड़ रहा है। भाजपा के अरुण पाठक ने कहा कि सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया है।

## PM मोदी बोले- 21वीं सदी में भारत की पहचान बनेंगे नियोजित शहर, तेजी से हो रहा शहरीकरण



प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दुर्भाग्य रहा है कि आजादी के बाद हमारे देश में एक्का-दुक्का ही नियोजित शहर (Planned City) बने। आजादी के 75 वर्षों में देश में 75 नए और बड़े नियोजित शहर बने होते तो आज भारत की तस्वीर कुछ और ही होती। शहरी नियोजन, विकास और स्वच्छता पर बजट के बाद वेबिनार में पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि नए शहर विकसित हो रहे हैं, जो इक्कीसवीं सदी में भारत की एक नई पहचान बनाएंगे। भारत का तेजी से शहरीकरण हो रहा है,

ऐसे में बुनियादी ढांचे का निर्माण करना जरूरी है, जो भविष्योन्मुखी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दुर्भाग्य रहा है कि आजादी के बाद हमारे देश में एक्का-दुक्का ही नियोजित शहर (Planned City) बने। आजादी के 75 वर्षों में देश में 75 नए और बड़े नियोजित शहर बने होते तो आज भारत की तस्वीर कुछ और ही होती।

उन्होंने कहा, अमृत काल में शहरी नियोजन (Urban Planning) ही हमारे शहरों का भविष्य तय करेगी और भारत के अच्छी तरह से नियोजित शहर ही भारत के भाग्य को निर्धारित करेंगे। उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार ने अपने प्रत्येक बजट में शहरी विकास पर बहुत ध्यान दिया है। मौजूदा बजट में इसके लिए महत्वपूर्ण राशि मंजूर की गई है और मुझे पूरा भरोसा है कि यह महत्वपूर्ण योजना देश में एक सुव्यवस्थित शहरी क्षेत्र की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा, शहरी नियोजन और शहरी शासन, दोनों शहरी विकास में एक अहम भूमिका निभाते हैं।


संबंधित प्रक्रियाओं का अकुशल कार्यान्वयन देश के विकास की राह में एख बड़ी बाधा के रूप में सामने आता है। खासतौर पर शहरी क्षेत्रों के विकास को सुनिश्चित करते हुए इलाके में रहने वालों के विकास को सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। मोदी ने कहा, आज भारत चक्रीय अर्थव्यवस्था (Circular Economy) को शहरी विकास का बड़ा आधार बना रहा है। हमारे देश में हर दिन हजारों टन नगरीय कचरा (Municipal Waste) पैदा होता है। 2014 में देश में सिर्फ 14-15 फीसदी कचरे का प्रसंस्करण (Waste Processing) होता था, आज 75 फीसदी कचरे का प्रसंस्करण हो रहा है। उन्होंने कहा, अगर ये पहले हो गया होता तो हमारे शहरों के किनारे कूड़े के पहाड़ों से ना भरे होते।

## मायावती ने ट्वीट कर कांग्रेस को घेरा, कहा- जातीय जनगणना का वादा सिर्फ एक छलावा




बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि जातीय जनगणना और प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का कांग्रेस का वादा एक छलावा है क्योंकि सत्ता में रहने पर वो ऐसा कुछ भी नहीं करते हैं।बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस पर निशाना साधा है । उन्होंने ट्वीट कर कहा कि रायपुर अधिवेशन में जातीय जनगणना में प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण को लेकर की गई कांग्रेस की बात केवल छलावा और चुनावी स्वार्थ की राजनीति है क्योंकि सत्ता में होने पर कांग्रेसी इसका उल्टा ही करती है। भाजपा का रवैया भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि प्रोन्नति में आरक्षण के चर्चित व महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर कांग्रेस व भाजपा ने सपा को आगे करके संबंधित बिल को संसद में पारित नहीं होने दिया था। इस जातिवादी षड्यंत्र को भला कौन भुला सकता है। इसका दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम इन वर्गों को आज तक भुगतना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि यह बसपा विरोधी पार्टियों के षड्यंत्र का परिणाम है कि सरकारी नौकरी व शिक्षा में इन वर्गों का आरक्षण लगभग निष्क्रिय हो गया है। आरक्षित सीटें वर्षों से खाली पड़ी हैं जबकि ईडब्ल्यूएस का नया कोटा सरकार मुस्तैदी से भरती है। मायावती ने कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियां सत्ता में रहते हुए खासकर दलित व आदिवासी वर्ग को पार्टी संगठन में भी उच्च पदों से दरकिनार रखती हैं।

## सिलेंडर के दाम बढ़े व बिजली की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव मंजूर, शिवपाल बोले- आम आदमी का जीवन दुश्वार...



शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि महंगाई से आम जनता का जीवन दुश्वार हो गया है। एक तरफ तो गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं। दूसरा, घरेलू बिजली के दामों में बढ़त को स्वीकृत कर दिया गया है।सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को ट्वीट कर भाजपा सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मतलब आम आदमी की जिंदगी दुश्वार... उन्होंने ट्वीट कर कहा कि एक तरफ तो यूपी में घरेलू बिजली दरों में 18 से 23 फीसदी के वृद्धि प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है, दूसरी तरफ होली से पहले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में 50 रुपये की बढ़ोत्तरी व कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर में करीब 350 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। भाजपा सरकार मतलब आम आदमी की जिंदगी दुश्वार... सिलेंडर के दाम बढ़ने का एलान बुधवार को ही किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को झटका लगा है। अब घरेलू सिलेंडर का दाम 1090 रुपये से बढ़कर 1140 रुपये हो गया है।

## नए लुक में राहुल गांधी: लंदन पहुंचते ही भारत जोड़ो यात्रा वाला लुक छोड़ा, हल्की दाढ़ी-छोटे बाल में दिखे कूल



राहुल लंदन में अपनी पारंपरिक सफेद टी-शर्ट की जगह कोट-टाई में नजर आए। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपने लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में दिखने के बाद राहुल गांधी का नया लुक सामने आया है। यह लुक उन्होंने लंदन में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में पहुंचने से पहले ही रखा है। सोशल मीडिया पर जो तस्वीर वायरल हो रही हैं, उनमें राहुल गांधी को छोटे बाल और ट्रिम्ड दाढ़ी-मूछों में देखा जा सकता है। राहुल यहां अपनी ट्रेडमार्क सफेद टी-शर्ट की जगह कोट-टाई में नजर आए। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ब्रिटेन की हफ्तेभर की यात्रा पर हैं।

यहां वे कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में एक संबोधन देंगे और भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। कैंब्रिज जज बिजनेस स्कूल' (कैम्ब्रिज जेबीएस) में विजिटिंग फेलो के तौर पर राहुल 21वीं सदी में सुनना-सीखना विषय पर व्याख्यन देंगे। कैंब्रिज जेबीएस ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''हमारे कैम्ब्रिज एमबीए कार्यक्रम को भारत के अग्रणी विपक्षी नेता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का स्वागत करके बहुत खुशी हुई।'' ट्वीट में कहा गया, वह आज '21वीं सदी में सुनना सीखना' विषय पर कैम्ब्रिज जेबीएस के विजिटिंग फेलो के तौर पर बोलेंगे।

## संपादकीय Editorial

# Bar sent to jail

That Manish Sisodia, who came out of the anti-corruption movement, has to be arrested on corruption charges, is a serious contradiction and also painful. If Anna Hazare was the 'hero' against corruption during that period, Sisodia was also one of the frontline heroes. Even as a close friend of Arvind Kejriwal, his image was wonderful. Together they weaved the threads of politics and strategy of the Aam Aadmi Party (AAP). Claims were made of an honest and transparent politics. 'Lokpal' was conceived in administration and government. AAP got a one-sided and historic mandate at a time when the politics of the country was under the spell of Narendra Modi. Modi was elected the Prime Minister of the country. Despite his vociferous protest, 67 out of 70 MLAs of AAP were elected to the Delhi Assembly. A lot seemed dreamy in Delhi. When Kejriwal became the Chief Minister, Sisodia was made the Deputy Chief Minister and all the important departments were handed over. Excise policy alone created conditions of disillusionment. Sisodia is corrupt or he has taken 'big kickbacks' from the liquor mafia or a lot is being hidden from the investigating agencies, we cannot confirm these allegations.

It is also the responsibility of the CBI, on whose remand Sisodia is, to take the allegations to the conclusion of the truth. The final verdict is for the court to pronounce, but with a hero of the movement against corruption arrested, the verdict and the act seem one-sided. It is also futile to make noise that Prime Minister Modi and BJP are only afraid of Kejriwal. This politics of self-obsession is not right. At present there is no political comparison between Modi and Kejriwal. Kejriwal is far away from being an alternative Prime Minister of the country. AAP has power only in one and a half states. One is Punjab and the other is Delhi. This myth will also not prove effective that Prime Minister Modi is putting criminal cases against AAP leaders and putting them in jails under vendetta politics. If the public would have paid heed to such noise of AAP, then after the resounding mandate in Delhi and Punjab, they would have elected AAP MPs in the Lok Sabha elections as well, but Kejriwal got 'zero' support in the parliamentary elections. When AAP's MPs will be elected in half the states of the country, Kejriwal can be considered as a serious alternative.

The present reference is to the liquor scam. The Excise Policy of Delhi Government was prepared by the Group of Ministers. We cannot believe that Chief Minister Kejriwal will not be aware of it or there will be no interference. However, investigation should clear everything.

There used to be government liquor shops in Delhi, but contracts were given to private companies in the new liquor policy. Rather buy one bottle and get one free, this campaign also went on for a long time.

Why the policy was changed and then the government returned to the old policy, some explanations have come to the fore, but logical facts should come to the fore. Sisodia had sent the draft of the policy to the liquor mafia even before it was finalized, Sisodia changed many mobile sets and used many sim cards, was he trying to hide something or wanted to destroy the evidence. These allegations have also been leveled against him, the answer can be made public through CBI.

The Lieutenant Governor has recommended a CBI inquiry. However, the investigation should be left to the CBI. Today Harivanshrai Bachchan's 'Madhushala' is being remembered, whose current lines should be like this - 'Jail bheeti madhushala'.

# Welcome move: Punjabi language included in Australia's school curriculum

The Government of Australia has included Punjabi language in the school curriculum in its new education policy, which is welcome. The Government of Australia has also included Punjabi in its school curriculum as a pre-determined subject. It was being demanded from a long time ago, but of late, the government there has included Punjabi language in its new education policy. This decision has been openly appreciated by the Government of India and Indians. According to the 2011 census, the population of Sikhs in Australia was over 210,000, which has now doubled. This decision will also motivate those countries, where the population of Indians has increased significantly in recent decades, to include Indian language in education. There are many countries like Fiji, Mauritius, America, England, where Indian people speak Hindi-Punjabi and seeing them other people have also started speaking Indian languages. In many other countries too, demands are being raised to include Hindi-Punjabi in the school curriculum. It is said that the increasing influence of language is like blowing winds and flying birds, which is difficult even for the government to stop. Under the new decision, Punjabi will now be taught in courses from pre-primary to 12th standard in Australia. Victoria has the largest Sikh population in Australia, followed by New South Wales and Queensland. Punjabis constitute about ten percent of the population in the whole of Australia. According to the Census-2011 data presented by the Australian Bureau of Statistics, there are 2,39,033 households where Punjabi is always spoken. In the last few decades, a large number of Indians have reached Australia in this continent. This is the reason why the number of people speaking Punjabi language in Australia has increased rapidly. Apart from this, Hindi has also made it to the top 10 languages spoken in Australia. However, it has not yet been added to the curriculum. May be, sooner or later Hindi will also be included in the syllabus. If we turn the pages of history, it was never easy for Indians to live there. There he used to be identified as an indentured labourer. Punjabis had to struggle a lot in Australia. After the year 1930, Sikhs started exercising their rights. They initially had a strong presence in the Atherton Tablelands region of Queensland and the northern rivers of New South Wales, particularly the Maclean, Harwood and Clarence. He initially started working in the sugarcane fields, then settled in such a way that life moved fast. Once upon a time, Indians who used to work as normal laborers in the fields started farming themselves by taking the same fields on contract. Apart from this, he kept helping in other works as well. Over time, between 1925 and 1929, Indians were given more rights there than in other countries of Asian countries. At one time, Indians in Australia had limited property rights. Didn't even have the right to vote. But now Indians also vote there, have citizenship and also have the right to get pension. Apart from jobs, the Indian community there is majorly engaged in the agriculture sector. Agriculture accounts for about 30 per cent of Australia's GDP. Sugarcane farming is prominent there, which is done almost only by Punjabis. Of course, English is accepted as the national language in Australia, but now other languages are also making their place. Local citizens also speak Punjabi with great enthusiasm. There are regular tutors for the children in the homes. In fact, as the population of Punjabis increased, so did the expansion of Punjabi language. And this expansion happened to such an extent that today Punjabi language has registered its presence in the national curriculum there. Punjabi has now become the official language in Australia.

# The pace of GDP, even after the decline in the third quarter, the annual rate is estimated to be seven percent

The decline in the rate of GDP ie Gross Domestic Product in the October-December quarter to 4.4 per cent is as per the estimates. Most economists had said that GDP would fall in this quarter as compared to the previous quarter. Even after this, the data released by the Ministry of Statistics is disappointing because the GDP rate was less than expected. The estimate was made at 4.7 per cent and the figure came to 4.4. This is 2.1 percent less than in the second quarter. It is a good thing that even after the decline in the third quarter, it is being assumed that the annual GDP rate will remain around seven percent. Along with this, it is also believed that India's economy is growing at the fastest pace among the major economies of the world. Will increase For this to happen in reality, the government will have to take all possible steps at its level. The government needs to be cautious because there is a possibility of wheat production being affected due to sudden increase in heat and monsoon is also expected to be weak. If the monsoon is weak, the agricultural sector may be affected and this will have an impact on the economy. The major reason for the decline in GDP is said to be the decline in exports and consumer demand along with high inflation. The Reserve Bank has made efforts at its level to curb inflation, but it is necessary that the government should also see how to control it? The steps taken by him in this regard have not yet left enough impact. As far as the decrease in exports is concerned, it is natural, because many major countries of the world are facing recession. Even after this, it has to be seen how to achieve the desired success on the export front? Now when the major countries of the world do not want to rely on China in the matter of supply chain, then India should take advantage of it. Success in capitalizing on this opportunity will come when the Indian industry gears up to face the dominance of China. The government can only encourage the industry, as it is doing through the production-linked incentive scheme, but the work of making a place in the world market will have to be done by the industrialists themselves. It is high time that they address the reasons, due to which they are not getting the expected place in the promising market. Our industrialists will also have to gear up for this so that India becomes a manufacturing hub. The government and the industrialists also have to understand that only an annual growth rate of more than seven percent is going to make a difference.

# Disha's questions in the meeting

The windows of development getting entangled in the analysis of administrative disparities and the whole country keeps on stepping waiting for the dawn of the plans. Faced with a similar scene, Union Minister and Hamirpur MP Anurag Thakur's visit to Kangra opens his box of complaints, then it is known that with what innocence they invent excuses for failure in setting goals. The reason for being directionless in the meeting of the District Development Coordination and Monitoring Committee, i.e. Disha, appeared as a permanent product of the brainstorming on central schemes and projects in Dharamshala. If the plans to seek coordination in development remain absent in the meetings itself, then how will the whole country be victorious in waiting for this routine. In the Dharamshala meeting, the central schemes were scrutinised, but the lines of responsibility were seen disappearing in the administrative hands. The surprising thing is that there is no system of question-answering the officials in absentia from such meetings. If such meetings are held in the public court, it will become clear how the country's budget or priorities get lost till the last mile of implementation. In the Dharamshala meeting, if the Union Minister has blamed the failures in the investigation of some points, then the pain of the progress of the country losing due to the government machinery can be heard.

In the investigation of the Smart City project, it is becoming clear that the practice of Himachal is only pushing the time in its old pace. The problem of wastage of budget comes out in many ways and the same is going on in the smart city project as well. Surprisingly, Himachal's government machinery and the political leadership to run it have become like dancing only on the budget instead of resolving for a happy future. If we examine the Dharamshala Smart City itself, then only new graves of sand and gravel are being dug on the surface of all the targets.

In the allocation of the budget, the localities of the government machinery want to settle in their happiness, but no one cares that there should be a firm commitment to see the future in shape. It is one thing to see the country running in the present era of administration, but it is very important for the government machinery to have a firm commitment to the country. If the schemes do not earn their basic spirit and the projects their basic resolution, then we will only keep on expanding the cement-bars. This is the irony of the smart city project. Actually every national resolution should be introduced in the eyes of the general public and for this public audit becomes necessary. If the smart city project gets absorbed in the routine business of various departments, the end result may not change the whole scenario. This is the irony of Dharamshala Smart City that HRTC is decorating its workshop with its budget, while Smart City's pockets are being frayed to supply funds for the purchase of electric buses outside the state budget. There is also the question of efficiency and the spirit to go through innovation will also be seen. The irony is that in Himachal, the effect of government machinery and politics is only making buildings a resolution for the future.

Of course, Union Minister Anurag Thakur tried to catch the ear of the government machinery, but many questions related to the direction of the central and state remained unanswered by the people's 'Disha Baithak'. The biggest question is being asked by all the public representatives regarding the Dharamshala campus of the Central University, that even after fourteen years, on whose instructions, the Meen-Mech is being taken out in the proposed land of Jadrangal. Is the current direction of the Central University campus of Dharamshala correct in the direction of higher education and can Anurag Thakur answer this? Are our people's representatives proving to be true soldiers of the future and loyal to the state by giving similar answers.

## सफाईकर्मियों ने बंगला गांव में थाना बनाने का किया विरोध, जुलूस निकाला

मुरादाबाद- दौलतबाग वाल्मीकि नगर बंगला गांव में थाना बनाने का स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने विरोध किया। सफाईकर्मियों ने सिविल लाइंस क्षेत्र में जुलूस निकालकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि थाने का बोर्ड नहीं हटाया गया तो सफाईकर्मी होली का त्योहार नहीं मनाएंगे। सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार लश्करी के नेतृत्व में जुलूस के साथ सफाईकर्मी कलेक्ट्रेट पहुंचे। सफाईकर्मियों ने नगर निगम के आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सफाईकर्मियों के हाथों में तख्तियां मौजूद थीं। ज्ञापन देने के बाद सफाईकर्मियों ने सिविल लाइंस क्षेत्र में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। जिलाध्यक्ष ने बताया कि दौलतबाग वाल्मीकि नगर बंगला गांव में वाल्मीकि समाज के लोग 30 वर्षों से रह रहे हैं। समाज के लोगों के लिए सरकार ने टैक्स, बिजली, रोड, पानी की सुविधाएं दे रही है। जिला प्रशासन ने इस बस्ती में थाना बनाने के लिए बोर्ड लगा दिया है। जबकि थाने के लिए अन्य स्थान पर जमीन चयनित है। वर्ष 2015 में कुछ लोगों ने इस जमीन का क्रय विक्रय कर दिया था। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने आवास बना दिए। एक गत्ता फैक्ट्री भी लगाई गई है। इस मामले में जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है। सफाईकर्मियों का कहना है कि थाने का निर्माण रिक्त पड़ी जमीन पर कराया जाना चाहिए। अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज और थाने के पीछे खाली जमीन पड़ी है। इन स्थानों पर थाने का निर्माण किया जाना चाहिए। समाज होली का त्योहार नहीं मनाएगा। प्रशासन को 48 घंटे के भीतर बोर्ड हटाना होगा। जुलूस में प्रांतीय महामंत्री प्रेम बाबू वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष रोहित चंदेल, अभिषेक रत्नाकर, जग किशोर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डॉलर के लालच में दे दिए ढाई लाख, थैले में निकला साबुन

मुरादाबाद- डॉलर देने का झांसा देकर एक ठग ने दो कनेक्शन एजेंटों से ढाई लाख रुपये ठग लिए। डॉलर बताकर जो थैला ठगों ने पीड़ितों को दिया था, उसमें साबुन निकला। पीड़ितों ने कटघर थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। रामपुर जनपद सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के रहने वाले रविंद्र कुमार और कटघर निवासी मुकेश शर्मा कलेक्शन एजेंट हैं। कटघर क्षेत्र के डबल फाटक पुल के पास समीरूल नाम के एक व्यक्ति से दोनों की मुलाकात हुई थी। आरोपी समीरूल ने बताया था कि उसके पास अमेरिकी डॉलर हैं। जिससे वह रुपयों में बदलना चाहता है लेकिन उसकी कोई मदद नहीं कर रहा है। आरोपी ने कहा कि सभी डॉलर ढाई लाख रुपये में दे देगा। दोनों एजेंटों ने ढाई लाख रुपये इकट्ठा कर समीरुल को दे दिए। आरोपी ने उन्हें एक थैला दे दिया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस अकादमी में चोरी में पांच आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद- डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी चोरी करने घुसे चोरी के चार आरोपी पकड़ लिए जबकि दो आरोपी मौके से भाग निकले। पकड़े गए आरोपियों को मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया है। दरोगा प्रमोद कुमार शर्मा की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर वह सीएमओ कार्यालय गए थे। कुछ ही देर बाद वह सीएमओ कार्यालय से बाहर निकल आए। इसी दौरान उन्होंने देखा कि कुछ युवक पुलिस अकादमी की दीवार कूद रह हैं। उन्होंने चौकीदारों की मदद से पांच युवक पकड़ लिए। जबकि दो युवक मौके से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी युवकों को पकड़ कर थाने ले गई। यहां पूछताछ में युवकों ने अपने नाम अशोक निवासी दसवां घाट, आकाश निवासी बंगला गांव, सोनू निवासी बंगला गांव, सोनू निवासी मिलन विहार और राजीव निवासी ताड़ीखाना बताया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने कहा कि मौके से भागे दो अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।

## गर्भवती महिला के ऑपरेशन के दौरान पेट में छोड़ी रुई, डॉक्टर पर 70 हजार जुर्माना

मुरादाबाद- दर्द बने रहने पर पीड़िता ने दूसरे चिकित्सक से जांच कराई तो इसकी जानकारी हुई। रुई निकालने के लिए दोबारा ऑपरेशन करना पड़ा। इसके बाद पीड़िता ने उपभोक्ता अदालत में वाद दायर किया था। अदालत ने चिकित्सक पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। गर्भवती के ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक ने पेट में रुई छूट गई। दर्द बने रहने पर पीड़िता ने दूसरे चिकित्सक से जांच कराई तो इसकी जानकारी हुई। रुई निकालने के लिए दोबारा ऑपरेशन करना पड़ा। इसके बाद पीड़िता ने उपभोक्ता अदालत में वाद दायर किया था। अदालत ने चिकित्सक पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एक माह के भीतर जुर्माना देना होगा। कटघर थानाक्षेत्र के गोविंद नगर निवासी कल्पना सक्सेना पत्नी पवन सक्सेना ने 17 जुलाई 2007 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दावा पेश किया था। जिसमें कहा था कि वह गर्भवती थी और उसका इलाज प्रहलाद नर्सिंग होम की चिकित्सक डाक्टर ज्योति रस्तोगी द्वारा किया जा रहा था। 11 जुलाई 2006 को पीड़िता ने एक पुत्री को जन्म दिया। उसे 15 जुलाई को डिस्चार्ज कर दिया गया। पुत्री ऑपरेशन से हुई थी। इस कारण से पीड़िता को पेट में दर्द होने की शिकायत होने लगी। तब चिकित्सक ने टांके सुखाने की दवा पीड़िता को दे दी लेकिन उसकी तकलीफ दूर नहीं हो पाई। इसकी शिकायत जब चिकित्सक से की गई तो उसने टीबी की बीमारी बता कर दूसरे डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। पीड़ित महिला की ज्यादा तबीयत खराब होने पर एक अन्य सर्जन से सलाह ली गई। तब अल्ट्रासाउंड के माध्यम से पता चला कि पीड़ित महिला के पेट में रुई है जो कि ऑपरेशन के समय डॉक्टर ज्योति रस्तोगी की गलती से रह गई। पीड़िता ने पुनः ऑपरेशन कराया। जिसके बाद उपभोक्ता अदालत में चिकित्सक के खिलाफ दावा प्रस्तुत किया इस मामले की सुनवाई आयोग प्रथम के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह एवं सदस्य रमेश कुमार विश्वकर्मा और रंजना द्वारा की गई। जिन्होंने चिकित्सक को दोषी मानते हुए उस पर साठ हजार रुपये छह प्रतिशत के साथ एवं दस हजार रुपए वाद व्यय के रूप में एक माह के भीतर पीड़ित महिला को देने के आदेश दिए हैं।

## बाल काटने का विरोध करने के मामले में छात्र को परीक्षा देने से रोका, की शिकायत

मुरादाबाद- सेंटमीरा अकादमी के कक्षा नौ के छात्र ने बाल काटने का विरोध करने पर छात्र को विद्यालय से निष्कासित करने और परीक्षा से रोकने का आरोप लगा है। इसकी शिकायत छात्र के पिता ने जिला विद्यालय निरीक्षक से की है। डीआईओएस का कहना है कि स्कूल निदेशक ने छात्र को परीक्षा में शामिल करने से इंकार कर दिया है। इसलिए क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई को शिकायत भेजी है। कक्षा नौ के छात्र के पिता अतुल कुमार शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजे शिकायतीपत्र में कहा है कि 27 जनवरी को विद्यालय परिसर में अनैतिक ढंग से कुछ छात्रों के बाल काटे गए थे। इसकी शिकायत अभिभावकों ने 28 जनवरी को विद्यालय में की। विद्यालय में अभिभावकों से गलत व्यवहार किया गया तो अभिभावकों ने जिलाधिकारी और डीआईओएस को शिकायत की थी। इसके बाद से स्कूल में छात्र को लगातार परेशान किया जाने लगा और 27 फरवरी को निष्कासनपत्र भेज दिया, जबकि एक मार्च से वार्षिक परीक्षा है। अभिभावकों ने डीआईओएस से छात्र को परीक्षा में शामिल करवाने की मांग की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे का कहना है कि शिकायतीपत्र मिलने के बाद उन्होंने सेंटमीरा अकादमी के प्रबंधन से बात की थी और कार्यालय बुलाया था। प्रबंधन ने छात्र के निष्कासन को रद्द करने और परीक्षा में सम्मलित कराने से मना कर दिया गया। निदेशक के इस निर्णय से छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाएगा और छात्र का एक साल बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी सीबीएसई से अनुरोध किया है कि छात्र के निष्कासन को रद्द करते हुए परीक्षा में शामिल करने की अनुमति दें, जिससे छात्र का एक साल बर्बाद होने से बच जाए। उप सचिव सीबीएसई गोपाल दत्त ने मामले में प्रधानाचार्य/निदेशक सेंटमीरा अकादमी को छात्र को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। छात्र की कक्षा छह और कक्षा एलकेजी में पढ़ने वाली बहनों को भी परीक्षा से वंचित न करने को कहा है। इसके अलावा डीआईओएस को मामले की रिपोर्ट तीन दिन में कार्यालय भेजने को भी कहा है। मामले में कुल तीन छात्रों को निष्कासित किया गया था।

### अभी तक नहीं सौंपी मामले में जांच रिपोर्ट

सेंटमीरा अकादमी में विद्यार्थियों के बाल काटने के मामले की जांच डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को सौंपी थी। मामले में जांच अधिकारी व प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डॉ. मुक्ता अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने स्कूल में जाकर शिकायतकर्ता और स्कूल प्रशासन के बयान दर्ज कर लिए हैं। चार मार्च तक बोर्ड परीक्षा चल रही हैं। इसकी वजह से रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है। चार मार्च के बाद रिपोर्ट तैयार कर डीआईओएस को भेज दी जाएगी।

## उपभोक्ता अदालत ने चिकित्सक पर लगाया 70 हजार का जुर्माना

मुरादाबाद- गर्भवती के ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक ने पेट में रुई छूट गई। दर्द बने रहने पर पीड़िता ने दूसरे चिकित्सक से जांच कराई तो इसकी जानकारी हुई। रुई निकालने के लिए दोबारा ऑपरेशन करना पड़ा। इसके बाद पीड़िता ने उपभोक्ता अदालत में वाद दायर किया था। अदालत ने चिकित्सक पर 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एक माह के भीतर जुर्माना देना होगा। कटघर थानाक्षेत्र के गोविंद नगर निवासी कल्पना सक्सेना पत्नी पवन सक्सेना ने 17 जुलाई 2007 को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दावा पेश किया था। जिसमें कहा था कि वह गर्भवती थी और उसका इलाज प्रहलाद नर्सिंग होम की चिकित्सक डाक्टर ज्योति रस्तोगी द्वारा किया जा रहा था। 11 जुलाई 2006 को पीड़िता ने एक पुत्री को जन्म दिया। उसे 15 जुलाई को डिस्चार्ज कर दिया गया। पुत्री ऑपरेशन से हुई थी। इस कारण से पीड़िता को पेट में दर्द होने की शिकायत होने लगी। तब चिकित्सक ने टांके सुखाने की दवा पीड़िता को दे दी लेकिन उसकी तकलीफ दूर नहीं हो पाई। इसकी शिकायत जब चिकित्सक से की गई तो उसने टीबी की बीमारी बता कर दूसरे डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। पीड़ित महिला की ज्यादा तबीयत खराब होने पर एक अन्य सर्जन से सलाह ली गई। तब अल्ट्रासाउंड के माध्यम से पता चला कि पीड़ित महिला के पेट में रुई है जो कि ऑपरेशन के समय डॉक्टर ज्योति रस्तोगी की गलती से रह गई। पीड़िता ने पुनः ऑपरेशन कराया। जिसके बाद उपभोक्ता अदालत में चिकित्सक के खिलाफ दावा प्रस्तुत किया। इस मामले की सुनवाई आयोग प्रथम के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह एवं सदस्य रमेश कुमार विश्वकर्मा और रंजना द्वारा की गई। जिन्होंने चिकित्सक को दोषी मानते हुए उस पर साठ हजार रुपये छह प्रतिशत के साथ एवं दस हजार रुपए वाद व्यय के रूप में एक माह के भीतर पीड़ित महिला को देने के आदेश दिए हैं।

## युवती से दुष्कर्म, आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में रहने वाली एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर खुद को वकील बताने वाले युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। जिसे वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया। उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित युवती ने मझोला थाने में लाइनपार निवासी आशीष के एडवर्ड के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने, मारपीट और आईटी एक्ट में केस दर्ज कराया है। जिसमें उसने बताया कि आशीष का उसके घर आना जाना था। आरोप है कि एक दिन आशीष ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसे बेहोश कर दिया। उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो व फोटो बना लिए। जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। पीड़िता का कहना है कि उसने आशीष से पीछा छुड़ाने के लिए मुरादाबाद छोड़ दिया और किसी दूसरे शहर में जाकर नौकरी करने लगी। आरोप है कि आशीष एडवर्ड इससे बौखला गया और फोन पर उसके साथ गाली गलौज की। वापस नहीं आने पर बदनाम करने की धमकी दी। मझोला थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक पर संभलकर निकलें, तेंदुए मार रहे झपट्टा, एक युवक हुआ जखमी, बरतें सावधानियां



मुरादाबाद- मुरादाबाद जिले की कांठ तहसील के गांवों से निकलें तो जरा संभलकर। यहां एक-दो नहीं बल्कि एक दर्जन के करीब तेंदुए और उनके बच्चे लोगों को जखी कर रहे हैं। मंगलवार की शाम कांठ के गांव मह्लीवाला के रहने वाले रामचरण अपने साथी अमन सिंह के साथ बाइक से मुरादाबाद आने के लिए निकले थे।

### बाइक सवार पर मार दिया पंजा

बाइक अमर चला रहे थे और चरणसिंह पीछे बैठे हुए थे। शाम समय करीब साढ़े छह बजे जब वह मानपुर गांव के करीब पहुंचे तो बाइक की स्पीड 40-50 प्रति किलोमीटर के हिसाब से थी। इसी दौरान उल्टे हाथ के जंगल से तेंदुआ भागता हुआ आया और उसने पंजा रामचरण की टांग पर मार दिया। शुक्र तो रहा कि अमन ने बाइक नहीं रोकी और वह तेजी से आगे की ओर चलते रहे। मानपुर मंदिर के पास रोशनी में बाइक रोकी। युवक की टांग से खून बह रहा था। लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वही एक क्लीनिक में लोगों ने युवक की मरहम पट्टी कराई। इसको देख लोग फौरन अपने-अपने घरों में चले गए।

### इन क्षेत्रों के लोग परेशान

तेंदुए के आतंक से कांठ तहसील के गांव मह्लीवाला, मिश्रीपुर, बेगमपुर, हीरापुर, महदूद कलमी, कूमरिया आदि गांवों में आतंक है। जंगलों की सड़कों पर कभी भी किसी समय तेंदुआ सड़क पर आ जाता है। इस वजह से गांवों के लोगों में दहशत है।

### कई गांवों में फैली तेंदुए की दहशत

पिछले दिनों मुजफ्फरपुर टांडा अहमदपुर नींबू नगला के जंगल में तेंदुए ने नीलगाय पर हमला कर घायल कर दिया था। इसके अलावा ग्राम हीरापुर के जंगल में ग्रामीण लोकेंद्र ने एक सप्ताह पहले तेंदुआ देखा था। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर तेंदुआ वहां से भाग गया था। खादर क्षेत्र में एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों तेंदुए जंगलों में तालाबों के किनारे रह रहे हैं। गन्ने की खेती, बाग में ठिकाने बने हुए हैं। इनकी दहशत से लोग परेशान हैं। हर समय हादसे का खतरा बना रहता है।

### वन विभाग ने नहीं चलाया सर्च अभियान

तेंदुए के आतंक की वजह से कई गांवों के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़वाने के लिए कई बार वन विभाग के अधिकारियों से मांग की। लेकिन, वन विभाग के अधिकारियों ने सर्च अभियान तक नहीं चलाया। ग्रामीण की शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### तेंदुए के लिए बरतें ये सावधानियां

गांव की सड़कों पर अकेले नहीं निकलें हाथ में डंडा, राड या अन्य कोई सामान होना चाहिए शाम के समय घर से देखभाल करके निकलें तेंदुए को देखकर फौरन सूचना दें वन अधिकारियों के नंबर एक-दूसरे से शेयर करें खेत पर काम करते समय सावधान रहें ठाकुरद्वारा में भी है तेंदुए की दहशत तहसील ठाकुरद्वारा के गांव मधुपुरी, पाडला, बहादुर नगर, शेरपुर बहलीन, राजपुर कलां, महमूदपुर केशो, ख्वाजापुर धनताला, नाहरवाला, खाईखेड़ा, ताराबाद, मानावाला, माधोवाला, मुनीमपुर आदि गांवों में तेंदुए की दहशत फैली हुई है।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित
"क्यूँ न लिखूँ सच मुरादाबाद नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा:

**प्रपत्र–4**

| | |
|---|---|
| प्रकाशन स्थान | : मुरादाबाद (यू.पी. ) |
| प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| मुद्रक का नाम | : नरेश राज शर्मा |
| क्या भारत का नागरिक है ? (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : हाँ |
| पता– | : म.नं.210खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद–मुरादाबाद उत्तर प्रदेश |
| प्रकाशक का नाम | : नरेश राज शर्मा |
| क्या भारत का नागरिक है? (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : हाँ |
| पता – | : म.नं.210खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद–मुरादाबाद उत्तर प्रदेश |
| संपादक का नाम | : नरेश राज शर्मा |
| क्या भारत का नागरिक है ? (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : हाँ |
| पता– | : म.नं.210खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद–मुरादाबाद उत्तर प्रदेश |
| उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार–पत्र के स्वामी हों, तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : नरेश राज शर्मा म.नं.210खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद–मुरादाबाद उत्तर प्रदेश |

मैं नरेश राज शर्मा एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 02 मार्च 2023

ह0/नरेश राज शर्मा
प्रकाशक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# डग्गामार वाहनों से परिवहन विभाग को लग रहा है लाखो का चूना

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बरेली क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के रूटों पर डग्गामार वाहनों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। डग्गामार बसों में यात्री सफर करते है। अधिकांश तो अप्रशिक्षित चालक ही वाहनों को सड़कों पर चला रहे हैं। इसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। रोडवेज बस स्टैंड के आसपास दूर-दूर तक ये अवैध वाहन खड़े रहतें हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस और परिवहन विभाग की उदासीनता के चलते जिले भर में डग्गामार वाहन दौड़ रहे हैं। नियमानुसार रोडवेज बस अड्डे के एक किलोमीटर के दायरे में कोई भी वाहन स्टैंड नहीं बन सकता,लेकिन डगामार बसों के संचालक बेखौफ होकर सारे नियमों को ताक पर रख कर बसों का संचालन कर रहे है इसके चलते उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को कही न कहीं ये डगामार वाहन राजस्व में विभाग को चूना लगाने का काम कर रहे है। इस बाबत जब बरेली परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी से बात की तो उन्होंने बताया जो डग्गामार बसें चल रही हैं तो सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट नियम है कि किसी भी सरकारी बस अड्डे से 1 किलोमीटर की दूरी तक कोई भी डग्गामार बस संचालित नहीं होगी, कोई भी बस आ जाती है तो हमारे एआरएम और एआरटीओ की टीम उनपर काम कर रही है,उन्होंने बताया कि एआरटीओ से बात की है की इन बसों पर लगाम लगाइए उम्मीद है डगामर पर लगाम लगेगी।उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए कहा की डगामर बसों में यात्रा न करे क्योंकि वो सुरक्षित नहीं है,इसलिए सुरक्षित नहीं है क्योंकि उनके चालक ट्रेनिंग नहीं किए हुए होते है वही रोडवेज के जो चालक है वो ट्रेंड होते है और उनकी टाइम टू टाइम ट्रेनिंग होती है और उनका व्यवहार अच्छा होता है वही डगामार बसों के चालको का पुलिस वेरिफिकेशन भी नही होता। बसों को कमी को लेकर जब मीडिया ने उनसे बात की तो उन्होंने सिरे से इस बात को नकारते हुए बताया कि किसी तरह की बसों की कमी हमारे यहां नही है। वही डगामर बसों के मामले में आरटीओ ने बताया कि डग्गामार वाहनों पर हमारे अधिकारियों द्वारा कार्य किया जाता है और बहुतायत में डग्गामार बसों को बंद करने की कार्यवाही को गई है पर फिर भी कही चल रही है तो उन पर नियमानुसार जो भी कार्यवाही बनती है वो की जाएगी।

# पिचकारी से खेल रही थी बच्ची, सैनिटाइजर डालकर मां ने मासूम को जिंदा जलाया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच





■ मां द्वारा बच्ची को जलाकर मारने की सूचना मिली थी। महिला के खिलाफ धारा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जरूरी साक्ष्य एकत्रित कर रही है। - मोहसिन खान, सीओ

अलीगढ- बच्ची पिचकारी से खेल रही थी। मां ने कई बार बच्चों को घर आने के लिए आवाज लगाई, लेकिन बच्चे घर नहीं गए और वहीं खेलते रहे। कुछ देर बाद जब बच्चे घर पहुंचे तो मां ने उनकी पिटाई कर दी। गुस्से में मां ने बच्ची के ऊपर सैनिटाइजर डाल दिया। सैनिटाइजर ने किसी प्रकार से आग पकड़ ली और बच्ची की मौत हो गई। अलीगढ़ में अतरौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बढेरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। की शाम को पिचकारी से खेल रही छह साल की मासूम बच्ची के ऊपर उसकी मां ने गुस्से में सैनिटाइजर फेंक दिया। सैनिटाइजर ने किसी तरह आग पकड़ ली और बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में कोहराम मच गया। रात्रि में ही बच्ची के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। किसी ने बच्ची को जिंदा जलाने की शिकायत ट्विटर पर पुलिस महानिदेशक डीजीपी से कर दी। पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और गांव जाकर जली हुई चिता से साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर बच्ची की मां को गिरफ्तार कर लिया है।

## बच्ची की चिता से साक्ष्य एकत्र करती पुलिस

अतरौली के गांव मोहम्मदपुर बढेरा निवासी भानु प्रताप सिंह उर्फ नॉटी किसान हैं। उनके तीन बच्चे हैं। सबसे छोटी बेटी वंदनी ( 6 वर्ष ) नगला कोठी जरगवां के ममता देवी स्कूल में पढ़ती है।की शाम को बच्चे घर बाहर बने मंदिर के निकट खेल रहे थे। उनके साथ वंदनी भी पिचकारी से खेल रही थी। बच्चे खेलते हुए आपस मे झगड़ते हुए मस्ती कर रहे थे। भानुप्रताप की पत्नी आशा देवी ने कई बार बच्चों को घर आने के लिए आवाज लगाई, लेकिन बच्चे घर नहीं गए और वहीं खेलते रहे। बताया जाता है कि कुछ देर बाद जब बच्चे घर पहुंचे तो आशा देवी ने उनकी पिटाई कर दी। गुस्से में आशा देवी ने वंदनी के ऊपर सैनिटाइजर डाल दिया। सैनिटाइजर ने किसी प्रकार से आग पकड़ ली और वंदनी गंभीर रूप से झुलस गई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। रात में ही बच्ची के शव का भानुप्रताप सिंह के ही सरसों के खेत में अंतिम संस्कार कर दिया ट्विटर पर शिकायत होने पर हरकत में आई पुलिस ने जली हुई चिता पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किए। पुलिस ने घर जाकर भी घटना के बारे में जानकारी ली।

# शिकायत पर काम- नगर निगम ने संज्ञान लिया प्राइमरी पाठशाला के आसपास गंदगी की सफाई कराई गई



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की थी के धनीपुर प्राइमरी पाठशाला के आसपास की नालियों में कीचड़ बनी पड़ी है पानी रुका हुआ है सफाई व्यवस्था अति शीघ्र कराई जाए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह की पहल पर नगर निगम ने संज्ञान लेकर सुपर बाजार की नेतृत्व में टीम को तत्काल प्राइमरी पाठशाला धनीपुर भेजा सफाई अभियान शुरू किया स्कूल के चारों तरफ की सफाई व्यवस्था कराई नालियों की सफाई व्यवस्था कराई आसपास की जितनी भी सफाई व्यवस्था ना होने पर जनता परेशान थी आज पूरी तरह से सफाई व्यवस्था कराई गई है नगर निगम ने सुपर बाजार के नेतृत्व में टीम भेजी थी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह पूरी सफाई व्यवस्था की गई है पूरी टीम ने प्राइमरी पाठशाला की चारों तरफ की नालियों से कीचड़ निकाली और पानी निकासी का रास्ता साफ किया जब जाकर गलियों का पानी का निकास चालू हो सका

# पंखे पर लटका मिला गैराज संचालक का शव, हत्या का आरोप

लवकुश ठाकुर- दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- इब्ने हसन चार बच्चों के पिता थे। घर में पत्नी बच्चों के साथ रहते थे। वे आगरा रोड पर किराये पर मोटर गैराज चलाते थे। रात काम में देर होने के कारण वे उसी परिसर में बने कमरे में सो गए। सुबह जब कर्मचारी गैराज पहुंचे तो इब्ने हसन का शव कमरे में पंखे पर लटका मिला। अलीगढ़ महानगर के सासनी गेट क्षेत्र में आगरा रोड इलाके के मोटर गैराज में गैराज संचालक का शव पंखे पर फंदे पर लटका मिला। सुबह शव मिलने की खबर पर पहुंचे परिवार ने हंगामा खड़ा कर दिया। खबर पर तमाम सपा नेता भी पहुंच गए। बाद में परिवार की हत्या कर शव लटकाए जाने की मांग पर छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया। हालांकि पोस्टमार्टम में मौत का कारण हैगिंग आने की बात कही जा रही है। भुजपुरा मदीना कालोनी के 40 वर्षीय इब्ने हसन चार बच्चों के पिता थे। घर में पत्नी बच्चों के साथ रहते थे। वे आगरा रोड पर किराये पर मोटर गैराज चलाते थे। परिजनों के अनुसार रात काम में देर होने के कारण वे उसी परिसर में बने कमरे में सो गए। सुबह जब कर्मचारी गैराज पहुंचे तो इब्ने हसन का शव कमरे में पंखे पर लटका मिला। इस पर शोर मचने पर तमाम भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस भी आ गई। सूचना पर परिजन भी आ गए और बिल्डिंग मालिक आदि पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर तक चले हंगामे पर पुलिस ने जैसे-तैसे समझाकर शांत किया। मामले में मृतक के भाई शकील की तहरीर पर खान चंद्र, राजेश, पंकज, भानू, मैनेजर विवेक और विकास पर हत्या कर शव लटकाने का मुकदमा दर्ज किया। साथ में पोस्टमार्टम के बाद परिवार को शव सौंपा है। इधर, परिवार का आरोप है कि यह गैराज करीब 25 वर्ष पहले 20 लाख रुपये की पकड़ी देकर खान चंद्र से किराये पर लिया था। अब यह परिवार उसे खाली करने का दबाव बनाता था और धमकी देता था। एक मर्तबा मारपीट तक की गई थी। इसी क्रम में रात मारपीट कर शव लटकाया गया है। यह बात उसके भाई ने बताने के के लिए फोन किया था। मगर बात करते करते फोन बंद हो गया था। सीओ प्रथम के अनुसार इस प्रकरण में पोस्टमार्टम में हैंगिंग यानि आत्महत्या उजागर हुई है। अब उसने आत्महत्यों क्यों और किन हालात में की। ये जांच के बाद तय होगा।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक से लेकर पैरा मेडिकल कर्मी तक अपने दायित्व बोध के साथ काम कर लोगों को स्वस्थ्य रखने में अपनी महती भूमिका निभायें। उन्होने जोर देते हुए कहा कि जिले में मातृ एंव शिशु मृत्यु दर अन्य जनपदों की तुलना में अधिक है, जो चिंता का विषय है। इसे रोके बिना स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना नही पूरी की जा सकती है, इसलिए मातृ एंव शिशु मृत्यु दर पर रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाए जाएं, ताकि स्वास्थ्य के देखभाल के अभाव में जिले में किसी भी गर्भवती/धात्री महिला एंव नवजात शिशुओं की मौत न होने पाए। ए0एन0एम0 और आशा गांव में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन की मुख्य धुरी है इसलिए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी ए0एन0एम0 और आशा वार किये गये कार्यो की समीक्षा भी करे और लापरवाही बरतते पाये जाने पर आशा और ए0एन0एम0 को दण्डित भी किया जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का पंजीकरण/अपडेशन शत-प्रतिशत किया जाए।

# फर्रुखाबाद में बैंक फ्रॉड करके फर्जी लोन लेने वाले गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार: 1.40 लाख रुपए बरामद



हारुन बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद - कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अंतरराज्यीय बैंक फ्रॉड करके फर्जी लोन प्राप्त करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर 1.40 लाख रुपए बरामद किए हैं। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने नई दिल्ली मालवीय नगर निवासी सुमित कुमार साहू, पॉकेट बी 7 सेक्टर 3 रोहणी थाना सेक्टर दिल्ली 389 बंटी उर्फ अवनीश।

थाना आरके पुरम के सफदर आजाद बस्ती निवासी स्वर्गीय संतोष कुमार की पत्नी राधा देवी, जनपद कानपुर नगर सीएसए नवाबगंज निवासी सौरभ उर्फ शुभम त्रिवेणी, जनपद उन्नाव थाना गंगा घाट के बिंदा रोड शुक्लागंज निवासी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार किया। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस लाइन मीडिया के सामने पेश किया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने इन आरोपियों को जय नारायन वर्मा रोड पीडब्ल्यूडी कार्यालय के निकट से पकड़ा है। बैंक के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के पास से आधा दर्जन मोबाइल फोन, आधा दर्जन फर्जी आधार कार्ड, 14 फर्जी एटीएम, 5 फर्जी पैन कार्ड, तीन फर्जी चेक बुके। दो फर्जी पासबुकें, रेल मंत्रालय का फर्जी आईडी कार्ड, इज्जत नगर की फर्जी पे स्लिप, इंडियन ओवरसीज बैंक के स्टेटमेंट,1.40 लाख रुपए बरामद किए हैं। मालूम हो कि कोतवाली फतेहगढ़ डिफेंस सेंट्रल बैंक ब्रांच के शाखा प्रबंधक यश अनामी ने उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का किया गया निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। परेड में उपस्थित कर्मचारियों से एक-एक कर ड्रिल कराई गई सभी कर्मचारियों को ड्रिल कमांड सीखने के लिए बताया गया। ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक लाइन को निर्देशित किया व अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, सीपीसी कैंटीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर आदि का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। आदेश कक्ष में गार्ड रजिस्टरो को चेक किया गया तथा गार्द/सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक संपन्न

अरविन्द कुमार यादव -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती इकौना आल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रेगिस्ट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में एक कार्यक्रम इकौना पंकज हॉस्पिटल पर रखा गया जिसमें बहराइच जिला अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ बहराइच के जिला महामंत्री मनोज बंसल सोनू अग्रवाल रितेश फार्मा अभिनव बहराइच के पदाधिकारी मौजूद रहे श्रावस्ती जिला अध्यक्ष तपा नाथ त्रिपाठी, महामंत्री ऋषि कुमार बैस्य, संरक्षक पंकज कुमार गुप्ता राम शंकर यादव बृजेंद्र नाथ दुबे केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट अध्यक्ष इकौना विनोद कुमार सोनी तथा सैकड़ों केमिस्ट के बीच में बीरपुर का अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा महामंत्री अतीक उर रहमान को चुना गया कटरा बाजार श्रावस्ती का अध्यक्ष ओंकार नाथ वर्मा महामंत्री भुवनेश्वर नाथ विश्वकर्मा संरक्षक सर्वजीत केयराती को नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया गया जिसमें कटरा दिनेश पटेल ,उत्तम निषाद ,रामकरण पांडे अन्य सैकड़ों केमिस्ट मौजूद रहे।

# दबंगों ने तमंचे की नोक पर बीएसएफ सूबेदार की पत्नी के जेवरात लूटे.गोली से मार डालने की धमकी

हारुन बक्श-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद - दबंगों ने तमंचे की नोक पर बीएसएफ सूबेदार की पत्नी के जेवरात लूट लिए है कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला चिलौली निवासी नरेंद्र सिंह की पत्नी सुमन ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम हरसिंहपुर गोवा निवासी मनोज यादव व राजीव सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। घटना के मुताबिक सुमन 26 फरवरी को थाना मऊदरवाजा के ग्राम हरसिंहपुर गोवा में भतीजे की शादी में शामिल हुई थी। वह रात 10 बजे कमरे में बहन के साथ बातचीत कर रही थी परिजन दूसरे मकान में मौजूद थे। उसी समय गांव के सुखलाल के पुत्र मनोज व राजीव सिंह तमंचे लेकर पहुंचे। जिन्होंने सुमन से कहा कि तू बहुत पैसे वाली बनती है कहकर गाली देने लगे। सुमन ने उन्हें घर से बाहर निकलने को कहा तभी दोनों भाई सुमन के साथ हाथापाई करने लगे। सुमन के शोर मचाने पर दबंग सुमन के गले से सोने की जंजीर व सोने का हार खींच कर भाग गए। लुटेरे जाते समय धमकी दे गए कि यदि रिपोर्ट लिखाई तो गोली से मार डालेंगे। इस घटना को सुमन की बहन सरोजनी ने देखा है घटना से सुमन भयभीत हैं। सुमन का पति श्रीनगर में बीएसएफ में सूबेदार हैं बताया गया कि आरोपी गांव में दबंगई करते है।



# सख्ती, 64बच्चों ने छोड़ी हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा

प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- रिठौरा-नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में चल रहीं यूपी बोर्ड की परीक्षा में भारी सख्ती के साथ परीक्षाएं चल रही हैं।

जिसके चलते बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी में कुल पंजीकृत 608बच्चों में 544ने ही परीक्षा दी।64बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी।

वहीं दूसरी पाली में इण्टर मीडिएट में अर्थशास्त्र में पंजीकृत 37में36ने तथा भौतिक विज्ञान में 141में125ने परीक्षा दी।16ने छोड़ दी।सुबह की पाली में लगातार संघन चेकिंग अभियान चलता रहा।इस मौके पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉक्टर राजीव कुमार, व्यावस्थापक आशीष कुमार सिंह, अवन्तिका केंद्र सहायक



रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, रामसिंह, राजपाल, गिरिजेश सिंह,काशिफा कय्यूम, डॉक्टर राजेश गंगवार, राजेश



बाला बन्दना यादव, अमरेश कुमार गंगवार, अतुल मौर्य, दीपाली सक्सेना, दुर्गा गंगवार पीटीआई, रावेन्द्र प्रताप, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# होली के अवसर पर वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एटा के तत्वाधान में नृत्य प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-होली के अवसर पर वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एटा के तत्वाधान में नृत्य प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत होली पर्व के विशिष्ट अवसर पर वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन जनपद एटा के तत्वाधान में अध्यक्षा वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन एटा श्रीमती शिखा सिंह धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह तथा श्रीमती अनामिका चौधरी धर्मपत्नी जेल अधीक्षक एटा श्री अमित चौधरी एवं जनपद उपाध्यक्षा वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन एटा श्रीमती रैनुका सिंह धर्मपत्नी अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा व श्रीमती रचना द्विवेदी धर्मपत्नी क्षेत्राधिकारी अलीगंज श्री विक्रांत द्विवेदी की उपस्थिति में पुलिस लाइन एटा में जनपदीय महिला पुलिसकर्मियों तथा पुलिस परिवारों की महिलाओं एवं बच्चियों की नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षा वामा सारथी श्रीमती शिखा सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में होली के पावन पर्व के बारे में बताया गया कि होली भाईचारे, प्रेम, सौहार्द का प्रतीक है हम सभी को यह पर्व आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए और इसके



साथ ही अपने बच्चों, करीबियों और रिश्तेदारों को भी इस त्योहार के पारंपरिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में बताना चाहिए।होली के रंगों का केवल भौतिक ही नहीं बल्कि आत्मिक महत्व भी है। रंग हमारी उमंग में वृद्धि करते हैं और हर रंग का मानव जीवन से गहरा अंतर्संबंध जुड़ा हुआ है।इस मौके पर कैमिकलयुक्त रंगों का इस्तेमाल न कर स्वदेशी और ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए। हम सभी को इस त्योहार को प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए ताकि इस त्योहार की गरिमा बनी रही और रिश्तों की मिठास बनी रहे। आयोजन के दौरान उपाध्यक्षा वामा सारथी श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि महिलाओं द्वारा अपने घर के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी कार्य करते हुए विशेष योगदान किया जाता है। महिला कर्मचारियों द्वारा अपने घर पर कार्य करने के उपरान्त अपने कार्य क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी जाती हैं, जो कि काफी सराहनीय कार्य है। हमें इस प्रकार के आयोजन कर आगे बढ़कर उनका मनोबल बढ़ाते रहना चाहिए। आयोजन में हुई नृत्य प्रतियोगिता सीनियर में प्रथम विजेता मिस कौशिकी, द्वितीय विजेता मिस साक्षी व तृतीय विजेता मिस राधिका तथा नृत्य प्रतियोगिता जूनियर में प्रथम विजेता मिस आस्था एवं मिस कृधा, द्वितीय विजेता मिस आन्या व तृतीय विजेता मिस आरव रहीं। पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन एटा की अध्यक्षा श्रीमती शिखा सिंह एवं उपाध्यक्षा श्रीमती रेणुका सिंह तथा अनामिका चौधरी व रचना द्विवेदी द्वारा विजेताओं को पुरूस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। नृत्य शैली में भाग लेने वाले बच्चों को भी उपहार व चाकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर महिला थाना स्टाफ, अन्य महिला पुलिसकर्मी तथा पुलिस कर्मियों के परिवारों से महिलाएं एवं बालिकाएं मौजूद रहीं। प्रतियोगिता का समापन जनपद अध्यक्षा श्रीमती शिखा सिंह के सम्बोधन के साथ हुआ।

# आध्यात्मिक कवि सम्मेलन का आयोजन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-श्रीराम जानकी सेवा परिवार द्वारा श्रीराम कथा पंडाल में आचार्य प्रवर श्री रामजी भाई के सानिध्य में एक विराट आध्यात्मिक कवि सम्मेलन का आयोजन आद. कृष्ण कान्त मिश्र जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन बरेली से पधारे मुकेश शर्मा मीत ने किया।

इस कार्यक्रम में आपके मित्र राकेश 'शम्स' के अलावा पं. राधा गोविंद पाठक (मथुरा), प्रवीन दुष्यंत (अलीगढ़), डा. अशोक वेद, डा. श्याम लता वेद, डा. राजेन्द्र सिंह (शिकोहाबाद), अच्युतं केशवम्, संयोजक राजकुमार भरत, विपिन शर्मा (कासगंज), संजीव सरगम, युवा कवि कुशलकान्त ने बेहतरीन काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेश गांधी, अशोक यादव आदि ने पूर्ण कविसम्मेलन पूरे मनोयोग से सुना। आयोजन समिति के प्रमुख विशाल अग्रवाल जी ने सभी कविगण को पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया।

# होली को 50 डेरियां तैयार कर रहीं दूध, घी व पनीर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- होली को लेकर जिले में लगभग 50 डेयरी दुग्ध उत्पाद बनाने का काम कर रही हैं। इसके अलावा 20 से 25 चिलर दूध संकलन का काम कर रहे हैं। होली को देखते हुए दूध और दुग्ध उत्पादों की डिमांड बढ़ेगी। बढ़ी डिमांड को देखते हुए जिले में मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। वह मुनाफाखोरी के लिए जनमानस के स्वास्थ्स से खिलवाड़ करने से पीछे नहीं हट रहे हैं।

## जनपद में उत्पादन से ज्यादा है मांग

होली को लेकर जिले में बढ़ी दूध और दुग्ध उत्पादों की डिमांड आयुक्त खाद्य-2 डा. श्वेता सैनी ने बताया कि खाद्य उत्पाद बेचने के लिए जिले में लगभग 4696 लोगों ने पंजीकरण कराया है जिले में लगभग 4696 लोगों ने पंजीकरण कराया है। खाद्य उत्पाद तैयार करने के लिए 861 दुकानदारों को लाइसेंस दिये गये हैं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि होली पर खाद्य पदार्थ लोगों को उपलब्ध हो।

उसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए चार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल गठित किया गया है। यह दल जिले के नगरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करेगा। जिले के जलेसर में सर्वाधिक डेयरी एवं चिलर संचालित हैं। वहां दूध संकलन का काम होता हैजलेसर क्षेत्र में लगभग 50 डेयरी, 20-25 चिलर संचालित हो रहे हैं। चिलर पर पांच से 10 हजार लीटर दूध संकलित किया जाता है।-डॉ. श्वेता सैनी, आयुक्त खाद्य-2

सहायक आयुक्त खाद्य-2 डा. श्वेता सैनी ने बताया कि खाद्य उत्पाद बेचने के लिए जिले में लगभग 4696 लोगों ने



पंजीकरण कराया है। खाद्य उत्पाद तैयार करने के लिए 861 दुकानदारों को लाइसेंस दिये गये हैं। जिले के जलेसर में सर्वाधिक डेयरी एवं चिलर संचालित हैं। वहां दूध संकलन का काम होता है। उन्होंने बताया कि जलेसर क्षेत्र में लगभग 50 डेयरी, 20-25 चिलर संचालित हो रहे हैं। चिलर पर पांच से 10 हजार लीटर दूध संकलित किया जाता है। डेयरियों पर दूध एवं दूध से बनने वाले उत्पाद तैयार किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि होली पर दूध और दुग्ध उत्पादों की डिमांड बढ़ जाती है। दूध का काम करने वाले लोग ही दूध, घी, पनीर, मावा तैयार का बाजार में बेचते हैं। उनमें से ही 50 लोग अधिक मांग को देखते हुए मिलावटखोरी भी करते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध विभाग अभियान चलाकर कार्रवाई करता है। इसी प्रकार घी बनाने में वनस्पति, नारियल और केमिकल मिलाये जाते हैं। सेंथेटिक दूध में भी केमिकल्स का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी जांच विभाग की ओर से की जाती है। दो भैस से लेकर डेयरी संचालक दूध व दुग्ध उत्पाद तैयार कर बाजार में बेच रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# स्वच्छ जल, स्वच्छ मन निरंकारी सतगुरु द्वारा प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कासगंज, आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के तत्वावधान् में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन कर कमलों द्वारा अमृत परियोजना' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारम्भ किया गया। इसके साथ ही सत्गुरु माता जी के पावन आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 1100 से अधिक स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई। जिसमे कासगंज के निरंकारी भक्तों ने ब्रांच मुखी खूब सिंह के नेतृत्व मे धर्म स्थल सुकर क्षेत्र हर की पौडी पर सफाई अभियान चलाया सतगुरु माता सुदिक्षा जी महाराज के आदेशानुसार चलाय गये प्रोजेक्ट अमृत द्वारा स्वच्छ जल , स्वच्छ मन का संदेश दिया। बाबा हरदेव सिंह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य निर्देशन में 'अमृत परियोजना' का आयोजन हुआ। जिसमे मथुरा जोन कासगंज, सोरों, हीरापुर, गंजडुडबरा सहित




अनेक निरंकारी भक्तों ने नदियों की सफाई की। मीडिया प्रवक्ता अनिल चंद्रा ने बताया इस परियोजना का शुभारम्भ करते हुए सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा ने हमे यह जो अमृत रूपी जल दिया है तो हम सभी का कर्त्वय बनता है कि हम सब उसकी उसी तरह संभाल करे। स्वच्छ जल के साथ साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिये परोपकार का ही कार्य करते है।

कार्यक्रम के समापन पर सम्मिलित हुए अतिथि गणों ने मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की और साथ ही निरंकारी सत्गुरु माता जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिशन ने जल संकट से बचाव हेतु 'जल संरक्षण' एवं 'जल निकायो' की स्वच्छता जैसी इस कल्याणकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित स्वरूप दिया है जो निश्चित रूप से समाज के उत्थान हेतु एक अहम कदम है। संत निरंकारी मिशन समय समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है जिनमें विशेषतः पर्यावरण संरक्षण हेतु 'वननेस वन परियोजना' और उसके उपरांत जल संरक्षण हेतु 'अमृत प्रोजेक्ट' प्रमुख है। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के मध्य केवल पर्यावरण अनुकूल उपकरणों का ही प्रयोग किया गया। प्लॉस्टिकङ्क की बोतलों, थर्माकॉल इत्यादि का प्रयोग सभी के लिए पूर्णतः वर्जित था।

# थाना जैथरा से गायब अलीगढ़ बॉर्डर के गांव में मिला गायब ट्रेक्टर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- आगरा की एंटी करप्शन टीम ने खोजा दुर्घटना का गायब ट्रेक्टर फर्जीवाड़ा कर बदले गए ट्रेक्टर को मालिक ने कर दिया था गायब 7 वर्ष पूर्व जैथरा थाने के तत्कालीन एसओ ने फर्जीवाड़ा कर बदल दिया था दुर्घटना का ट्रेक्टर गायब ट्रेक्टर खोजने में नाकाम रही एटा पुलिस एटा पुलिस ने बिना ट्रेक्टर के कोर्ट में दाखिल कर दी थी पूरक रिपोर्ट शासन ने गायब ट्रेक्टर खोजने के एंटी करप्शन टीम को दिए थे आदेश जैथरा निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट सुनील कुमार की शिकायत पर शासन ने जारी किए थे आदेश एंटी करप्शन आगरा यूनिट के प्रभारी सीओ संजय कुमार ने खोजा ट्रेक्टर अलीगढ़ बॉर्डर के एक गांव में मिला गायब ट्रेक्टर डीआईजी के आदेश पर बीते वर्ष जनवरी में तत्कालीन एसओ कैलाश चन्द्र दुबे पर जैथरा थाने में दर्ज हो चुका है मुकदमा क्राइम ब्रांच के तत्कालीन इंस्पेक्टर नरेश सिंह ने दर्ज कराया था मुकदमा वर्ष 2016 में जैथरा में हुई दुर्घटना में एक छात्रा की हो गई थी मौत छात्रा के पिता ने तत्कालीन एसओ कैलाश चन्द्र दुबे पर फर्जी हस्ताक्षर कर ट्रेक्टर बदलने का लगाया था आरोप तत्कालीन सीओ अलीगंज अजय भदौरिया की जांच में फर्जीवाड़े हुई थी पुष्टि सीओ की जांच के बाद भी तत्कालीन अफसरों ने नहीं दर्ज कराई थी एफआईआर साभार लिया

# दलित किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-पशुओं को चारा डालने गई किशोरी को खेत में खींचकरऔर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया है। शिकायत करने पहुंची पीड़िता को आरोपी के घरवालों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी है। थाना रिजोर के एक गांव निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार की रात को पशुओं को चारा डालने के लिए गई थी। आरोप है कि छोटू पुत्र ध्रुव पंडित निवासी भरतौली रिजोर ने पकड़ लिया और खेत में खींच ले गया। डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता ने घरवालों के साथ मिलकर आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची। आरोपी के घरवालों ने जातिसूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। घरवाले पीड़िता को लेकर थाना रिजोर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच डेली अखबार
बिना किसी सिक्यूरिटी के आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# सीएमओ के आक्रामक तेवरों से थर्राया अलीगंज सिघंम ने मारी दहाड दनादन गिरे शटर



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल के निर्देशन में सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के आक्रामक तेवरों से आज बुधवार को तहसील अलीगंज में फर्जी तरीके से पैथलॉजी व क्लीनिक एवं प्रसूतिग्रह संचालित करने वाले लोग उस समय थर्रा उठे ,जब स्वास्थ्य विभाग के सिघंम डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा अलीगंज में दहाड मारकर झपेटे में आऐ एक क्लीनिक व एक पैथलॉजी को सील करते हुऐ एक बंगाली डाक्टर व एक पैथलॉजी को नोटिस थमाकर जबाब देने के निर्देश दिऐ गऐ !

स्वास्थ्य विभाग के सिघंम डा. सर्वेश कुमार द्वारा आज छापामार अभियान के अन्तर्गत अलीगंज तहसील के जैथरा कस्बे में फर्जी तरीके से चल रही सिटी पैथलॉजी को सील किया गया तो उसके बाद अलीगंज क्षेत्र के सराय अगहत में झौलाछाप आरिफ खान के क्लीनिक को सील किया गया क्योंकि इस क्लीनिक पर गलत तरीके से उपचार कराऐ जाने पर एक महिला की म्रत्यु होने के बाद उसके परिजनों द्वारा थाने में झौलाछाप के विरूद्द मुकदमा भी दर्ज कराया गया है ! डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा सराय अगहत में ही एक डा. एन.के.बंगाली सहित मार्डन पैथलॉजी पर भी छापामार कार्यवाही करते हुऐ नोटिस देकर जबाब देने के निर्देश दिऐ है ! डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि अलीगंज नगरीय क्षेत्र में भी झौलाछाप डाक्टरों व पैथलॉजियों को भी पकडने के प्रयास किऐ परन्तु टीम की भनक लगते ही नगरीय क्षेत्र में दनादन शटर गिरे हुऐ नजर आने के चलते सफलता नहीं मिल सकी ! उन्होने कहा कि शीघ्र ही समूचे अलीगंज में फर्जी क्लीनिक व पैथलॉजी एवं अस्पतालों का चिन्हाकंन कर सख्ती से कार्यवाही की जाऐगी !

# महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस ने किया नरेंद्र मोदी का पुतला दहन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर-ओड़गी - युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवासन के निर्देश पर पूरे छत्तीसगढ़ में महंगाई के विरोध मे नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया इस मौके पर ओड़गी मुख्यालय में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक कार्यालय में एकजुट होकर विधायक कार्यालय से लेकर बस स्टैंड तक नारेबाजी की गई एवं महंगाई के विरोध में नरेंद्र मोदी का पुतला धन किया गया इस मौके पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता पिंटू सिंह गुर्जर के द्वारा बताया गया कि देश में लगातार महंगाई चरम सीमा पर है इसके बाद भी देश के प्रधानमंत्री के द्वारा महंगाई कम करने के बजाए लगातार महंगाई को बढ़ावा दिया जा रहा है आज ही गैस का रेट बढ़ा दिया गया है जिसको लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा पुतला दहन किया गया ।

इस मौके कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, जनपद के उपाध्यक्ष शिवबालक यादव, एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष विभव सिंह गुर्जर अरुण राजवाड़े, संतोष राजवाड़े, बंटी सिंह, सानू पाल, राजा सारथी, एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

# छात्रा की आईडी बनाकर भेज रहा अश्लील फोटो

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा-कासगंज- पटियाली क्षेत्र की एक छात्रा ने एक युवक के विरुद्ध मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि फोन पर धमकी देने के बाद आरोपी ने सोशल नेटवर्किंग पर उसके नाम फोटो से फर्जी आईडी बना ली है और अश्लील फोटो डाल रहा है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पटियाली थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा ने बताया है कि अज्ञात युवक द्वारा उसे कई दिनों से परेशान किया जा रहा है। अनदेखा करने के बाद भी नंबर बदल-बदलकर कॉल की जा रही है। उसके पास अश्लील मैसेज भेजता है। उसने शिकायत का प्रयास किया तो गाली गलौज कर धमकी दी गई। आरोप है कि युवक ने उसके नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना ली है और अश्लील मैसेज भेज रहा है। जिसकी वजह से वह काफी परेशान है। उसने मामले में दी तहरीर में अज्ञात आरोपी का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया है और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने संबंधित नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरु कर दी है। असुरक्षित महिलाएं- नंबर बदल-बदलकर कर रहा कॉल,भेज रहा अश्लील मैसेज पुलिस ने मामला संज्ञान में आने के बाद तलाश शुरू की राष्ट्रीय महिला आयोग में भी की गई है शिकायत कासगंज। पटियाली क्षेत्र की छात्रा ने अपने मानसिक उत्पीड़न के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग को भी शिकायत की है। इसका जिक्र पटियाली थाना में दर्ज हुई रिपोर्ट में भी किया गया है। शिकायत में छात्रा ने अपने साथ हो रहे पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपी के विरुद्ध जल्द कार्रवाई की मांग की है, जिससे वह अपने पेपर बिना मानसिक तनाव के दे सके।

# अनहोनी और विपत्तियों से बचने 3 गांवों में 2 से 5 दिन पहले मना लेते हैं होली, एक सप्ताह तक चलता है रंगों का त्योहार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर- कछवारी और मोहरसोप गांव में मनाई जाती है अनोखी होली। 1917 से परंपरा को निभाते चले आ रहे हैं सूरजपुर जिले के 3 गांव के लोग गढ़वतिया पहाड़ पर मां अष्टभुजी देवी के मंदिर में किया जाता है होलिका दहन सूरजपुर जिले के बिहारपुर-चांदनी क्षेत्र के 3 गांव में पंचांग की निर्धारित तिथि से 2 से 5 दिन पहले ही होलिका दहन कर दिया जाता है। इसके साथ ही रंगों का त्योहार मनाने की शुरुआत हो जाती है। यह त्योहार आने वाले मंगलवार तक मनाया जाता है।इसके पीछे लोगों की मान्यता है कि अनहोनी और विपत्तियों से बचने के लिए पहले होली मना रहे हैं। यह क्रम पिछले 60 से अधिक वर्षों से चला आ रहा है। जानकारी के अनुसार ओड़गी ब्लॉक अंतर्गत क्षेत्र के महुली, कछवारी और मोहरसोप गांव में होलिका दहन पंचांग की तिथि के दो से पांच दिन पहले किया जाता है।इस संबंध में गांव के जयबाबू जायसवाल ने बताया कि यह परंपरा गांव में शुरू से ही चली आ रही है। गांव में गढ़वतिया पहाड़ पर मां अष्टभुजी देवी का मंदिर है। 1960 के दशक में यहां पर गांव के लोग होलिका दहन के लिए लकड़ियां एकत्र करके रखते थे, तो पांच दिन पहले ही रात के समय स्वतः आग लग जाती थी। ग्रामीणों का मानना है कि यह क्रम 1917 से चला आ रहा था। इसके बाद से गांव के लोग इस परंपरा को निभाते चले आ रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि वह लोग होली के समय बैगा के पास जाते हैं और होलिका दहन की तिथि पूछते हैं। इस पर बैगा उन्हें पंचांग की तिथि के दो से लेकर पांच दिन पहले की कोई एक तिथि निर्धारित कर बता देते हैं। उसी दिन महुली गांव के लोग पहाड़ पर स्थित देवी मां के मंदिर के पास और कछवारी व मोहरसोप गांव के लोग अपने गांव में ही होली मनाते हैं। इस वर्ष यहां होलिका दहन 7 मार्च को होगा, जबकि भारतीय पंचांग के अनुसार 9 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा।

## 1996 में फैल गई थी कालरा की बीमारी

स्थानीय निवासी रामधन खैरवार ने बताया कि 1996 में गांव के बैगा के यहां परिवार के सदस्य की मृत्यु हो जाने के कारण पंचांग की होली से दस दिन बाद गांव में होलिका दहन की तिथि निर्धारित की। इसके बाद गांव में कालरा की बीमारी फैल गई। काफी इलाज कराने के बाद भी कोई फायदा न मिलने पर लोगों ने बैगा से बात की। लोगों का मानना है कि बैगा की पूजा-अर्चना के बाद इस बीमारी से पीड़ित लोग अचानक ठीक हो गए। इसके बाद से इस परंपरा को मानने वालों की देवी मां पर आस्था और बढ़ गई

# जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना के लिए प्रयास जारी



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- जिला अस्पताल में एनेस्थीसिया (निश्चेतना) विशेषज्ञ के साथ ही सेटअप के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी पूरा करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री और सचिव को इस कमी से अवगत कराया गया है,

जिस पर राज्य स्तर पर प्रयास जारी है। सिविल सर्जन डॉ. बी.पी. चन्द्रा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों से जिले में सेवा देने के लिए चर्चा की जा रही है।

# यूपी की जनता को होली पर तोहफा, सात से नौ मार्च तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति होगी



योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को होली का तोहफा दिया है। होली पर सात से नौ मार्च तक प्रदेश में बिजली की कटौती नहीं होगी। इस संबंध में अफसरों को निर्देश दे दिए गए हैं। रंगों के उत्सव होली पर योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। इस बार होली के अवसर पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने सात से नौ मार्च तक कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. ( यूपीपीसीएल ) की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप होली के अवसर पर सात मार्च की शाम छह बजे से नौ मार्च की सुबह सात बजे तक पूरे प्रदेश में कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति से संबंधित निर्देश दिए गए हैं।

## टोल फ्री नंबर पर सूचनाओं पर हो

## तत्काल कार्यवाही

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस अवधि में सबको निर्बाध बिजली प्राप्त हो इसके लिए सभी डिस्काम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्रबन्ध निदेशकों को निर्देशित किया गया है

कि वे अपने डिस्कॉम में कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लें। यह भी निर्देशित किया गया है कि 1912 टोल फ्री नम्बर पर आपूर्ति सम्बन्धी प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अध्यक्ष ने कहा है कि होली के महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के प्रकरण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी वितरण अधिकारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# सेवानिवृत होने पर कलेक्टर ने प्रधान पाठक को प्राधिकार पत्र प्रदान किए



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज अपने कार्यालय कक्ष में प्रधान पाठक श्री धनीराम राठौर को सेवानिवृत होने पर जीपीएफ, जीपीओ एवं पीपीओ अंतिम भुगतान प्राधिकार पत्र प्रदान किए।

उन्होने श्री राठौर को श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया तथा उनके सुखी एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की। श्री राठौर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौरेला से 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत हुए है। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी श्री जीतेंद्र कुमार श्रीवास, सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती बबीता शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बजट सत्रः नीतीश कुमार का सभी दलों के विधायकों से आग्रह, कहा- विशेष दर्जे के लिए एक बार और जोर लगाए

पटना- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि राज्य को विशेष दर्जा देने के मुद्दे पर एक बार और जोर लगाएं।अगर यह दर्जा मिल जाता है तो बिहार पिछड़े राज्यों की सूची से निकलकर विकसित राज्यों में सम्मिलित हो जाएगा। वे बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्याद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन्हें देश के लिए काम करने का अवसर मिला है, उन्हें विकसित राज्यों में काम करने का अनुभव है। आवश्यकता इस बात की है कि बिहार सहित देश के अन्य पिछड़े राज्यों के विकास के लिए विशेष उपाय किए जाएं। राज्य भौगोलिक क्षेत्रफल के मामले में 12वें और जनसंख्या में तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय करों में हिस्सा राज्यों का अधिकार है, लेकिन यह समय पर नहीं मिल पाता है। कुल केंद्रीय करों में देश के राज्यों की भागीदारी 42 प्रतिशत है, लेकिन केंद्र के नाम से चलने वाली योजनाओं में अधिक खर्च करने के कारण राज्यों को परेशानी होती है। राज्य अपनी योजनाओं के लिए धन नहीं जुटा पाता है। कुमार ने कम संसाधन और गरीबी के बावजूद राज्य के चतुर्दिक विकास की चर्चा की।उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के बाद भी राज्य की विकास दर 10.98 प्रतिशत रही। यह देश के औसत 8.68 प्रतिशत से अधिक है। राज्य का बजट आकार बढ़ा है। पिछली बार देश के अन्य राज्यों के मुकाबले बिहार का बजट पांचवें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि विकास के कई मानकों पर राज्य आगे है। बालिका शिक्षा के प्रसार का प्रभाव जनसंख्या नियंत्रण पर साफ नजर आ रहा है। प्रजनन दर 4.3 से 2.9 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें और कमी आएगी।2040 तक जनसंख्या वृद्धि दर स्थिर होगी और उसके बाद इसमें गिरावट आएगी, क्योंकि शिक्षित पति-पत्नी जनसंख्या को नियंत्रित करते हैं। शिक्षा के विकास में पुस्तक, पोशाक और साइकिल योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण में जीविका की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस समय 10 लाख से अधिक जीविका समूहों से एक करोड़ 30 लाख से बधिक ग्रामीण गरीब महिलाएं जुड़ी हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या और बढ़ेगी।इन्हें अस्पतालों में भोजन बनाने का भी जिम्मा दिया गया है। पहले ये महिलाएं बोल नहीं पाती थीं। अब धड़ल्ले से हिंदी और बीच-बीच में अंग्रेजी भी बोल लेती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई की समस्या को दूर करने में भी जीविका दीदियों की सहायता ली जा रही है। जीविका दीदियां स्कूल जाकर देखेंगी। अगर पढ़ाई नहीं हो रही है तो तुरंत इसकी सूचना डीएम को देंगी। डीएम को कार्रवाई के लिए कहा गया है। बाहर के लोगों की भी गिनती मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित गणना की रिपोर्ट के बाद समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए समेकित योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह काम मई तक पूरा हो जाएगा। दूसरे राज्यों से आकर बिहार में रह रहे लोगों की जाति और आर्थिक स्थिति की भी गिनती होगी। पहले चरण में मकानों की गिनती हो चुकी है। अब लोगों की जाति और आर्थिक स्थिति की गणना हो रही है।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

